भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-1045
उत्तर देने की तारीख-29/07/2024

राजस्थान के सीकर में केंद्रीय विश्वविद्यालय

1045. श्री अमरा राम:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का राजस्थान के सीकर संभाग मुख्यालय में एक केन्द्रीय विश्वविद्यालय स्थापित करने का प्रस्ताव है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसकी स्थापना कब तक होने की संभावना है; और
(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

(क) से (ग): वर्तमान में, राजस्थान में सीकर संभाग मुख्यालय में केंद्रीय विश्वविद्यालय स्थापित करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। केंद्रीय विश्वविद्यालयों की परिकल्पना क्षेत्र के अन्य संस्थानों को अकादमिक नेतृत्व प्रदान करने हेतु आदर्श संस्थाओं के रूप में कार्य करने के लिए की गई है। राजस्थान में पहले से ही एक केंद्रीय विश्वविद्यालय अर्थात राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय, अजमेर है।

*****